C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 248 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 06 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब दिन में दो बार खुलेंगे


### सुबह के साथ शाम को भी मिलेगी ओपीडी सुविधा, आज से पूरे प्रदेश में लागू होंगे नए समय

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए दिन में दो बार डॉक्टर की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (U-AAM) के संचालन समय में बदलाव करते हुए यहां सुबह के साथ शाम को भी ओपीडी शुरू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 6 मार्च से पूरे प्रदेश में लागू होगी।

नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के निदेशक (एचएसएस) डॉ. सुशील कुमार परमार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। नए आदेशों के अनुसार गर्मियों के मौसम (1 अप्रैल से 30 सितंबर) में इन केंद्रों पर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 5 बजे से 7 बजे तक ओपीडी संचालित की जाएगी।

इसी प्रकार सर्दियों के मौसम (1 अक्टूबर से 31 मार्च) में ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा। वहीं रविवार और राजकीय अवकाश के दिनों में दोनों मौसमों में अस्पताल एक पारी में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक खुले रहेंगे।



दरअसल केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्रों नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका क्षेत्रों में लोगों को उनके मोहल्ले या कॉलोनी के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की शुरुआत की थी। अभी तक इन केंद्रों पर अन्य सरकारी अस्पतालों की तरह एक ही समय में ओपीडी संचालित होती थी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कई लोग कामकाज के कारण सुबह ओपीडी के समय डॉक्टर को नहीं दिखा पाते थे, जबकि दोपहर बाद छोटी-मोटी बीमारियों में उन्हें बड़े अस्पतालों की इमरजेंसी का सहारा लेना पड़ता था। ऐसे में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन केंद्रों को दो पारी में संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे लोगों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए पोर्टल खुलाः रावत

### पात्र लाभार्थी आवेदन कर जुड़वा सकते हैं नाम, ई-केवाईसी नहीं कराने वालों के हटे नाम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लोगों को राहत देते हुए नए लाभार्थियों के नाम जोड़ने के लिए पोर्टल खुला रखा है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि योजना के पात्र व्यक्ति आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची में जुड़वा सकते हैं।

विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान सदस्य रफीक खान के पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए मंत्री रावत ने बताया कि जयपुर शहर में 26 फरवरी तक खाद्य सुरक्षा योजना के तहत कुल 1 लाख 36 हजार 977 राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए गए 'गिव अप अभियान' के तहत कई सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से योजना से अपने नाम हटवा दिए हैं, ताकि वास्तविक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।

मंत्री रावत ने बताया कि योजना में चयनित सभी लाभार्थियों के लिए तीन माह के भीतर ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। जिन



लाभार्थियों ने निर्धारित समय में ई-केवाईसी नहीं करवाई, उनके नाम योजना से हटा दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 1 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2026 के बीच जयपुर शहर में खाद्य सुरक्षा योजना में 84,574 नए नाम जोड़े गए, जबकि 1,27,286 नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए हैं। मंत्री ने इस संबंध में विधानसभा क्षेत्रवार विस्तृत आंकड़े भी सदन के पटल पर रखे।

## सरसों के खेत में मिला नवजात, कार्टन में लपेटकर छोड़ गए परिजन

### रोने की आवाज सुनकर किसान ने बचाई जान, पुलिस माता-पिता की तलाश में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ करौली।**

जिले के टोडाभीम क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां डोरावली गांव के पास सरसों के खेत में एक नवजात शिशु परिजनों द्वारा कार्टन में लपेटकर छोड़ दिया गया। खेत से रोने की आवाज सुनकर पहुंचे किसान ने बच्चे को देखा और तुरंत ग्रामीणों व पुलिस को सूचना दी। घायल अवस्था में मिले नवजात को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत स्थिर बताई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे डोरावली निवासी कृष्णगोपाल मीणा अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सरसों



के खेत से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखा तो एक कागज के कार्टन में कपड़े में लिपटा हुआ नवजात पड़ा था। किसान ने तुरंत गांव के लोगों और पुलिस को इसकी सूचना दी। कुछ ही देर में ग्रामीण और गांव की महिलाएं मौके पर पहुंचीं और बच्चे को संभाला। इसके बाद आमजन रिलीफ एंड गाइडेंस एसोसिएशन के सदस्यों की मदद से नवजात को



टोडाभीम के उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया।


अस्पताल के चिकित्सक डॉ. लोकेश मीणा ने बताया की नवजात का जन्म करीब 12 से 14 घंटे पहले हुआ प्रतीत होता है। बच्चे का वजन लगभग 2.4 किलोग्राम है। उसके सिर पर हल्की चोट और हाथ पर खरोंच के निशान पाए गए हैं, हालांकि फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है। प्राथमिक उपचार और आवश्यक टीकाकरण के बाद बच्चे को आगे की देखभाल के लिए करौली भेजा जा रहा है, जहां चाइल्ड लाइन टीम की निगरानी में उसका उपचार होगा।

घटना की सूचना मिलने पर टोडाभीम एसडीएम अमन चौधरी भी अस्पताल पहुंचे और नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डीएसपी मुरारी लाल मीणा ने बताया कि नवजात को छोड़ने वाले माता-पिता की तलाश की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों और अस्पतालों में हाल ही में हुई डिलीवरी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## 68 पेट्रोल पंप डीलर्स और कंपनियों को नोटिस

### निर्धारित समय में उपकर जमा नहीं करने पर होगी एकतरफा कार्रवाई




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

उपश्रम आयुक्त कार्यालय ने निर्माण उपकर (सेस) जमा नहीं कराने के मामले में जिले के 68 पेट्रोल पंप डीलर्स और संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में उपकर राशि जमा नहीं कराने पर संबंधित डीलर्स और कंपनियों के विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई करते हुए उपकर निर्धारण आदेश जारी किए जाएंगे। उपश्रम आयुक्त शिवदयन सोलंकी ने बताया कि पेट्रोल पंप मालिकों और कंपनियों को निर्माण से जुड़े आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। यदि नोटिस के बाद भी उपकर राशि जमा नहीं कराई जाती है तो संबंधित डीलर्स के खिलाफ एकपक्षीय रूप से उपकर निर्धारण की कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि देय अवधि में उपकर राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में नियोजक पर 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी लगाया जा सकता है। इसलिए संबंधित डीलर्स और कंपनियों को समय रहते दस्तावेज प्रस्तुत कर उपकर राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।


## व्यापार जगत के लिए नए नियम लागू, अब 10 घंटे तक ड्यूटी संभव

### साप्ताहिक काम 48 घंटे ही ,14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम पर रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

विधानसभा ने गुरुवार को राज्य के व्यापार और वाणिज्यिक संस्थानों से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक-2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संशोधन के बाद अब वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की दैनिक कार्य अवधि नौ घंटे से बढ़ाकर अधिकतम दस घंटे तक की जा सकेगी, हालांकि साप्ताहिक कार्य अवधि पहले की तरह 48 घंटे ही रहेगी।विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य राज्य के व्यापारिक माहौल को अधिक रोजगारपरक और प्रतिस्पर्धी बनाना है। उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को इस प्रस्ताव की रूपरेखा तैयार करने से पहले श्रमिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, नियोजकों और अन्य हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा कर उनके सुझाव लिए गए थे।

मंत्री रावत ने कहा कि संशोधन के तहत कर्मचारियों को बिना विश्राम के लगातार



काम करने की अधिकतम अवधि को भी पांच घंटे से बढ़ाकर छह घंटे किया गया है, जिसके बाद कम से कम आधे घंटे का विश्राम देना अनिवार्य रहेगा। उनका कहना था कि इन प्रावधानों से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी और नियोजकों को अधिक रोजगार सृजन के अवसर मिलेंगे, जिससे श्रमिकों को बेहतर वेतन और अन्य परिलाभ प्राप्त हो सकेंगे।

विधेयक में बाल अधिकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी अहम बदलाव किए गए हैं। इसके तहत दुकानों और वाणिज्यिक संस्थानों में काम करने के लिए न्यूनतम आयु 12 वर्ष से बढ़ाकर 14 वर्ष कर दी गई है। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी दुकान या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में काम करवाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों से रात के समय काम नहीं लिया जा सकेगा। पहले यह सीमा 12 से 15 वर्ष के बीच थी। सरकार का कहना है कि इससे बच्चों के अधिकारों की रक्षा के साथ उन्हें शिक्षा से जोड़ने में मदद मिलेगी। मंत्री रावत ने यह भी स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में महिलाओं के रात्रि में काम करने से संबंधित नियमों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है और पूर्ववत प्रावधान ही लागू रहेंगे।सरकार का दावा है कि इन संशोधनों से राज्य में व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और कार्यस्थलों पर उत्पादकता के साथ-साथ कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## नीलगाय के सामने आने से पलटी कार, चालक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।**

नेशनल हाईवे 148-डी भीम-गुलाबपुरा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब अचानक सड़क पर आई नीलगाय के कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस में बताया की रायपुर निवासी दिलीप सिंह पुत्र फतेह सिंह राजपूत कार से आसींद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आमलीखेड़ा चौराहे के पास अचानक नीलगाय सड़क पर आ गई। वाहन चालक के संभलने से पहले ही



कार नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल आसींद अस्पताल पहुंचाया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर किया । पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर मामले की जाँच शुरू की है।

C M Y K

# चंबल के पानी में निकला सांप का बच्चा, ग्रामीणों में चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



(सांवर वैष्णव)। कस्बे के निकटवर्ती ढेलाणा गांव में चंबल परियोजना के पानी में सांप का बच्चा निकलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्रामीणों में पानी की शुद्धता को लेकर चिंता का माहौल बन गया।

ग्रामीण भंवरलाल जाट ने बताया कि उनके घर पर चंबल परियोजना के तहत नल कनेक्शन लगा हुआ है। उनकी पत्नी नल से पानी भर रही थी, तभी अचानक पानी के साथ एक जिंदा सांप का बच्चा बाहर निकल आया। इसे देखकर घर के लोग भी हैरान रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी को बिना छाने ही पी लिया जाता तो सांप का बच्चा पेट में भी जा सकता था, जिससे गंभीर खतरा हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने पेयजल की आपूर्ति की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवहाल का किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमेश नवहाल के पहली बार कस्बे में आगमन पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जन संवाद केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान किसान नेता रामकुमार जाट ने सवाईपुर को पुनः तहसील का दर्जा दिलाने की मांग प्रदेश प्रवक्ता के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और प्रशासनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कस्बे को दोबारा तहसील बनाया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर दयाल सिंह राठौड़, राकेश श्रोत्रिय, गोपाललाल तेली, बालूलाल बलाई, कालूलाल माली, शिव श्रोत्रिय, दिलखुश वैष्णव, मुकेश साहू, बालकिशन श्रोत्रिय, गजराज सिंह, शिवलाल सुथार, कालू श्रोत्रिय, रामलाल जाट सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में झड़प, लाठी-पत्थर चले , महिलाओं सहित छह लोग घायल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिले के मांडल थाना क्षेत्र के खारोल मोहल्ले में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। झड़प में महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मांडल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।पुलिस ने बताया कि मोहल्ले में कुछ दिन पहले एक पक्ष की ओर से नाली का निर्माण कराया जा रहा था। उसी दौरान एक पत्थर पास ही लगे गन्ने के जूस के ठेले से टकरा गया था, जिससे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे नाली को लेकर फिर से दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान एक युवक लाठी लेकर पहुंच गया और दूसरे पक्ष के युवक पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, झगड़े में उतर आए। इस दौरान दोनों तरफ से पत्थरबाजी और लाठियां चलने से छह लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद करते हुए एक-एक युवक को पूछताछ के लिए डिटेन किया है।

# खेत में उगा रहा था गांजा, पुलिस ने 33 किलो पौधों के साथ तस्कर को दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

बदनोर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने खेत में अन्य फसलों के बीच छिपाकर उगाए गए गांजे के पौधों को जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस में बताया की थाना क्षेत्र के चेनपुरा गांव में एक खेत में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने की सूचना मुखबिर के जरिए मिली थी। सूचना की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी।

छापेमारी के दौरान खेत में अन्य फसलों के बीच छिपाकर लगाए गए गांजे के पौधे पाए गए। पुलिस ने मौके से करीब 33 किलो 772 ग्राम अवैध गांजे के पौधे जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान खेत मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल में चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

करेड़ा थाना पुलिस ने राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल गोरख्या में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 90 किलो गेहूं, दो पंखे, दो पासबुक, एक चेकबुक तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। थानाधिकारी पूरणमल ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल गोरख्या के प्रधानाध्यापक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। साथ ही पूर्व में चालानशुदा अपराधियों पर निगरानी रखते हुए उनके मोबाइल नंबरों की सीडीआर का विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच और सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने मामले में पिंटू (26) पुत्र गोपाल बलाई निवासी करेड़ा तथा मधु (21) पुत्र हरदेव गुर्जर निवासी भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है।

# पुलिस लाइन में फागुनी मस्ती, अधिकारियों-जवानों ने मिलकर मनाया होली स्नेह मिलन

## गुलाल-अबीर के रंग में सराबोर हुआ पुलिस परिवार, ढोल और फिल्मी गीतों पर झूमे अधिकारी व जवान



भीलवाड़ा : फिल्मी गीतों पर थिरकते अधिकारी।



भीलवाड़ा । जवानों के बीच जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

होली के दूसरे दिन गुरुवार को शहर की पुलिस लाइन फागुनी मस्ती और रंगों के उल्लास से सराबोर नजर आई। पुलिस परिवार के स्नेह मिलन और होली महोत्सव के दौरान अधिकारी और जवान एक साथ रंग-गुलाल लगाकर उत्सव मनाते दिखाई दिए। अनुशासन की सख्त वर्दी में रहने वाले पुलिसकर्मी इस मौके पर ढोल की थाप और साउंड सिस्टम पर बज रहे गीतों पर झूमते नजर आए।

पुलिस लाइन मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सीनियर और जूनियर का भेद भूलकर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजस्थानी और फिल्मी होली गीतों की धुन पर पुलिसकर्मियों ने जमकर नृत्य किया। उत्साह और उल्लास के बीच पुलिस परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं, जिससे पूरा माहौल उमंग और अपनत्व से भर गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर पुलिसकर्मी ड्यूटी के कारण अक्सर अपने परिवार से दूर रहते हैं। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन पुलिस परिवार को एक साथ आने और खुशियां साझा करने का अवसर देते हैं, जिससे नई ऊर्जा मिलती है।

उन्होंने शहरवासियों का शांतिपूर्ण तरीके से होली और धुलंडी का पर्व मनाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का सहयोग ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने भी नागरिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि शहर में त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न होना प्रशासन और जनता के आपसी सहयोग का परिणाम है।



भीलवाड़ाः पुलिस लाइन में आयोजित होली उत्सव में पहुंचे जिला कलेक्टर

# पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां शुरू

## मेडिसिटी ग्राउंड में 8 से 14 अप्रैल तक होगा आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



धर्मनगरी भीलवाड़ा में आगामी 8 से 14 अप्रैल तक होने वाली श्री शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। देश के प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से आयोजित होने वाली इस कथा के लिए आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में गुरुवार से मैदान की साफ-सफाई और तैयारियों का कार्य शुरू कर दिया गया।

कथा आयोजन के सूत्रधार महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में जेसीबी मशीन का पूजन कर सफाई अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद मशीनों की सहायता से विशाल मैदान को समतल करने और साफ करने का कार्य प्रारंभ किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मैदान को सुव्यवस्थित बनाने के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

महंत बाबूगिरी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि भीलवाड़ा के समस्त सनातन समाज, सामाजिक और धार्मिक संगठनों को साथ लेकर इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाना है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी तथा कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समिति के पदाधिकारियों के अनुसार 7 मार्च को दोपहर 12:15 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर के पास कथा आयोजन समिति के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। वहीं कथा शुरू होने से एक दिन पूर्व 7 अप्रैल को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति मंगल कलश लेकर शामिल होंगी।

बताया जा रहा है कि मेवाड़ क्षेत्र में पंडित प्रदीप मिश्रा की यह पहली कथा होगी, जिसे लेकर भीलवाड़ा सहित पूरे मेवाड़ क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन में भीलवाड़ा ही नहीं बल्कि राजस्थान के विभिन्न जिलों और आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान समिति के महासचिव पीयूष डाड, बद्रीलाल सोमानी, ललित सोमानी, बाबूलाल टांक, सत्यनारायण गुगड़, मंजू पोखरना, अलका जोशी, सत्येन्द्र बिरला, दुर्गालाल सोनी, गोपीकिशन पाटोदिया, राजेश कुदाल, कैलाशचंद्र जागेटिया, कैलाश सोनी, कैलाश डाड, कैलाश साहू, रामेश्वर ईनाणी, निलेश कांठेड़ सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए 27 अप्रैल को लगेगी पेंशन अदालत

## संभाग स्तर पर होगा आयोजन, 25 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे पेंशनर

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों की लंबित समस्याओं व शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पेंशन विभाग द्वारा 27 अप्रैल को संभाग स्तर पर पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इस अदालत में पेंशन से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण निदेशालय के निदेशक महेन्द्र सिंह भूकर ने बताया कि पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए वर्ष में चार बार पेंशन अदालतों का आयोजन किया जाएगा। इन अदालतों में पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा।

उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत में अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए पेंशनर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र 25 मार्च तक पेंशन




विभाग, शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों या संबंधित कोषालय में जमा करा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त मामलों का यदि पहले समाधान नहीं हो पाता है, तो उन्हें 27 अप्रैल को आयोजित पेंशन अदालत में पेंशन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सुनकर निस्तारित किया जाएगा।जयपुर ।

पेंशनर इस अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्या रख सकते हैं। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अपनी शिकायत प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।




QUICK BITES

## महिला दिवस सप्ताह पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित, योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर जिला स्तर पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। उपनिदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया ने बताया कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने आरएससीआईटी, शिक्षा सेतु योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना तथा लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कार्यशाला में विभिन्न ब्लॉकों से आई सुपरवाइजर्स, वन स्टॉप सेंटर (सखी) तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र के काउंसलर्स ने भी अपने विचार व्यक्त किए और योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया। साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह और उत्पीड़न जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित विभागों व सहायता केन्द्रों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

## महावीर पार्क में चला निगम का बुलडोजर, फुटपाथों से हटाए अतिक्रमण

**होली के बाद नगर निगम का अभियान फिर शुरू, दुकानों व ठेलों के अवैध कब्जे हटाए**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नगर निगम प्रशासन ने शहर में होली के बाद अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई फिर शुरू कर दी है। गुरुवार को निगम की टीम ने शहर के व्यस्त महावीर पार्क क्षेत्र में अभियान चलाकर फुटपाथों और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। जेसीबी की मदद से किए गए इस अभियान में कई अस्थायी और पक्के अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को साफ कराया गया।

नगर निगम आयुक्त हेमाराम के निर्देश पर सुबह निगम का अतिक्रमण निरोधक दस्ता पुलिस बल और जेसीबी मशीन के साथ महावीर पार्क पहुंचा। कार्रवाई का मुख्य केंद्र मंगल चाय के आसपास का क्षेत्र रहा, जहां दुकानदारों और ठेला संचालकों द्वारा फुटपाथों पर अवैध कब्जे कर लिए गए थे।

निगम की टीम ने मौके पर पहुंचते ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की और जेसीबी की सहायता से फुटपाथों पर किए गए पक्के और कच्चे निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपना सामान समेटते नजर आए।

निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा फुटपाथों या सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई करते हुए सामान जब्त करने के साथ भारी जुर्माना वसूला जाएगा ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शाहपुरा में भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम, फूलडोल महोत्सव पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**रामनिवास धाम में 25 दिवसीय वार्षिकोत्सव अपने चरम पर, अणभैवाणी की शोभायात्रा व संतों की पंगत आकर्षण का केंद्र**





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी** । शहर में रामस्नेही संप्रदाय का वार्षिकोत्सव फूलडोल महोत्सव इन दिनों अपने चरम पर है। पूरे नगर में धर्म, भक्ति और परंपरा की सुगंध फैली हुई है। मुख्य महोत्सव का समापन 8 मार्च को होगा, जबकि यह उत्सव कुल मिलाकर 25 दिनों तक चलता है। मुख्य आयोजन 3 से 8 मार्च तक आयोजित किए जा रहे हैं। संप्रदाय की मुख्यपीठ रामनिवास धाम इन दिनों दिव्य लोक जैसा प्रतीत हो रहा है, जहां चारों ओर बिजली की रोशनी, फूलों की सजावट और 'राम-राम' की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही है।

महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को भी परंपरागत तरीके से अणभैवाणी की शोभायात्रा राममेडिया से रामनिवास धाम तक निकाली गई। महोत्सव के समापन पर रंग पंचमी के अवसर पर संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्यश्री के चातुर्मास की घोषणा की जाएगी। इसके लिए विभिन्न स्थानों से आचार्यश्री को चातुर्मास के लिए आमंत्रित करने वाली अर्जियों का वाचन भी शुरू हो गया है।

पीठाधीश्वर आचार्यश्री जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज के निर्देशन में आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज की अणभैवाणी की शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह शोभायात्रा राम मेडिया से निकलकर रामनिवास धाम तक पहुंचती है। वाणीजी के साथ भक्तों की ओर से चढ़ावा भी लाया जाता है, जिसे बारादरी में आचार्यश्री को अर्पित किया जाता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभूति बन जाता है।

बारादरी में प्रतिदिन प्रवचनों और प्रश्नोत्तरी का आयोजन हो रहा है। सुबह रामधुन, रामनाम जप, आरती-वंदना, प्रवचन, प्रश्नोत्तरी और धर्मसभा से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। देश-विदेश से रामस्नेही अनुरागी और संत यहां पहुंच रहे हैं। तिथियों के संयोग से इस बार महोत्सव छह दिन का हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की गई है, जहां सभी समान भाव से प्रसाद ग्रहण करते हैं।

संतों की पंगत महोत्सव की विशेष परंपरा महोत्सव की खास परंपरा संतों की पंगत है, जिसमें प्रतिदिन संत एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। आचार्यश्री का थाल अलग स्थान पर सजाया जाता है। वे स्वयं प्रसादी ग्रहण करने के बाद अपने सामने पहुंचने वाले प्रत्येक भक्त को प्रसाद वितरित करते हैं। हजारों श्रद्धालु थाल के प्रसाद के लिए कतार में खड़े रहते हैं। रामस्नेही संप्रदाय की अनूठी परंपरा के अनुसार सभी संत गुलाबी चादर में लिपटे हुए 'राम-राम' का जाप करते दिखाई देते हैं, जो समानता और भाईचारे का प्रतीक है।

इतिहास के अनुसार रामस्नेही संप्रदाय की नींव संवत 1817 में पड़ी, जब स्वामी रामचरण महाराज ने भीलवाड़ा में मियाचंदजी की बावड़ी की गुफा में भजन और रामनाम का सुमिरन किया। यहीं से उनके अनुयायियों को रामस्नेही कहा जाने लगा। लगभग 263 वर्ष पहले फूलडोल महोत्सव मनाने की परंपरा भी शुरू हुई। संवत 1822 में शाहपुरा में रामद्वारा निर्माण प्रारंभ हुआ और बाद में महाराणा के अनुरोध पर उदयपुर में भी तीन बार फूलडोल महोत्सव आयोजित किया गया।

स्वामी रामचरण महाराज के शिष्यों देवकरण, कुशलराम और नवलराम ने होली के अवसर पर प्रहलाद कथा का अनुरोध किया था। कथा के दौरान फूलों की वर्षा होने लगी। तभी से इस आयोजन को फूलडोल कहा जाने लगा और यह परंपरा आज तक जारी है।

इन दिनों शाहपुरा की हर गली और चौक में भक्ति का वातावरण दिखाई दे रहा है। फूलों की वर्षा, रामनाम की ध्वनि और गुलाबी चादरों में लिपटे संतों का दृश्य केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत संगम बन गया है।

# नन्ही पर्यावरण सेविका श्रेया की प्रकृति दर्शन प्रदर्शनी बनी प्रेरणा

**एडीएम ने किया अवलोकन, कहा बचपन से प्रकृति के प्रति जागरूकता भविष्य के लिए जरूरी**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**




हरित भारत और प्लास्टिक मुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में नन्ही पर्यावरण सेविका श्रेया कुमावत की पहल इन दिनों शाहपुरा में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रीन लिटिल बेबी के नाम से प्रसिद्ध श्रेया कुमावत द्वारा आयोजित प्रकृति दर्शन पर्यावरण जागरूकता प्रदर्शनी लगातार लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है और समाज को प्रकृति संरक्षण का सशक्त संदेश दे रही है।

प्रदर्शनी को अब तक कई स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, आमजन तथा स्कूली बच्चे देख चुके हैं। सभी ने नन्ही पर्यावरण सेविका के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की है। प्रदर्शनी में लगाए गए मॉडल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयोग बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को प्रभावित कर रहे हैं। प्रदर्शनी के सातवें दिन शाहपुरा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र रेगर ने प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर इसका अवलोकन किया। उन्होंने श्रेया द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडलों, जैविक खाद निर्माण, सीड बॉल तैयार करने की प्रक्रिया, प्लास्टिक के पुनः उपयोग से किए गए नवाचारों तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों की विस्तार से जानकारी ली।

एडीएम रेगर ने श्रेया कुमावत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम आयु में पर्यावरण संरक्षण के प्रति इस तरह का समर्पण वास्तव में प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव विकसित हो जाए, तो आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण संरक्षण के लिए मजबूत आधार तैयार कर सकती हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि श्रेया कुमावत के कार्यों और प्रयासों पर एक डॉक्यूमेंट्री तैयार कर उसे व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाए, ताकि न केवल राजस्थान बल्कि अन्य राज्यों के लोग भी इससे प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ सकें।

इस अवसर पर उन्होंने श्रेया को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखते हैं। प्रकृति दर्शन प्रदर्शनी इन दिनों क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। इसके माध्यम से लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, वृक्षारोपण की आवश्यकता, जैविक खाद के उपयोग और प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं की समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग

**जिला अभिभाषक संस्था ने विधायक अशोक कोठारी को सौंपा 11 सूत्रीय मांग पत्र**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को विधायक अशोक कोठारी से मुलाकात कर उन्हें 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। पदाधिकारियों ने विधायक से आग्रह किया कि वे विधानसभा सत्र के दौरान इन मुद्दों को उठाकर अधिवक्ता समुदाय को राहत दिलाने की पहल करें। संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राठौड़, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान तथा पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने विधायक को मांग पत्र सौंपा।

अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अधिवक्ता जिला न्यायालय परिसर में प्रैक्टिस करने के लिए आते हैं, लेकिन उनके लिए समुचित आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसको देखते हुए कार्यकारिणी ने विधायक कोठारी से मांग कि जिस प्रकार वे आमजन की समस्याओं को विधानसभा में उठाते हैं, उसी प्रकार अधिवक्ताओं की समस्याओं को भी प्रभावी ढंग से विधानसभा में उठाया जाए।

अधिवक्ताओं ने प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अधिवक्ता समुदाय के लिए रियायती दर पर आवासीय कॉलोनी उपलब्ध करवाई जाने, राज्य की सभी आवासीय योजनाओं नगर विकास न्यास, नगर निगम एवं आवासन मंडल की योजनाओं में अधिवक्ताओं के लिए न्यूनतम 5 प्रतिशत आरक्षण देने ,एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने , न्यायालय परिसर में महिला बार रूम, सुलभ कॉम्प्लेक्स व रिटायरिंग रूम बनाए जाने , अधिवक्ताओं को आरजीएचएस जैसी मेडिकल हेल्थ सुविधा प्रदान करने , न्यायालय परिसर में डाकघर शाखा, डिस्पेंसरी तथा पुलिस चौकी स्थापित करने, स्वच्छता व्यवस्था के लिए स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करने तथा अधिवक्ताओं को राज्य स्तरीय टोल पर छूट प्रदान करने की मांग की गई ।

इस दौरान विधायक अशोक कोठारी ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं से जुड़े इन मुद्दों को वे वर्तमान विधानसभा सत्र में उठाकर समाधान का जरूर प्रयास करेंगे।

# लक्ष्मीनाथ मंदिर के नवनिर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रखी गई आधारशिला

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।**

कस्बा स्थित लगभग 900 से 1100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक लक्ष्मीनाथ मंदिर के नवनिर्माण के लिए गुरुवार को विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंदिर की आधारशिला रखी गई।

मंदिर नवनिर्माण के इस शुभ अवसर पर पंडित पंकज दाधीच और प्रकाश दाधीच के सानिध्य में पांच ईंटों का पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।



मंदिर नवनिर्माण समिति के अनुसार गुरलां का लक्ष्मीनाथ मंदिर करीब एक हजार वर्ष से अधिक पुराना है और अब इसे भव्य स्वरूप दिया जाएगा। मंदिर निर्माण के लिए क्षेत्र के दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि भी दी जा रही है। समिति ने बताया कि सभी धर्मप्रेमियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर गुरला ठिकाना के कुंवर महेन्द्र सिंह पुरावत, कजोडीमल सेन, घनश्याम शर्मा कारोई, गोवर्धन दाधीच, सूर्यप्रकाश पारीक, रतन सोत्रीय, रामचंद्र सुवालका, कमलकिशोर त्रिपाठी, बालूराम दरोगा, रामपाल दाधीच, सत्यनारायण शर्मा, उदयराम सेन, हरकलाल सेन, सत्यनारायण सेन, ललित दाधीच, दीपक दाधीच, मुकेश सोनी, सत्यनारायण वर्मा, किशनदास, वासुदेव दाधीच, बाबूलाल दाधीच सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विधानसभा में मांडलगढ़ के पशुपालकों का मुद्दा उठा, माल का खेड़ा पशु चिकित्सालय होगा क्रमोन्नत

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने खेराड़ क्षेत्र की समस्याएं रखीं, मंत्री ने की सुविधाएं मजबूत करने की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने क्षेत्र की जनता और पशुपालकों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाया। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने मांडलगढ़ के खेराड़ क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और यहां के लोगों की पशुपालन पर निर्भरता का उल्लेख करते हुए पशु चिकित्सालयों को क्रमोन्नत करने की मांग की।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ का बड़ा हिस्सा खेती के बजाय पशुपालन पर आधारित है, इसलिए पशु चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने माल का खेड़ा पशु चिकित्सालय को




प्रथम श्रेणी में क्रमोन्नत करने और सुखपुरा पशु उपकेंद्र को पूर्ण पशु चिकित्सालय में परिवर्तित करने की आवश्यकता जताई।

इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पशु चिकित्सालयों में लंबे समय से रिक्त पड़े डॉक्टरों और कंपाउंडरों के पदों को शीघ्र भरने तथा चिकित्सा सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने का मुद्दा भी सदन में उठाया। विधायक के सवालों का जवाब देते हुए पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने सदन को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पशु चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के अंतर्गत प्रदेश के 50 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी में क्रमोन्नत किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस योजना में मांडलगढ़ क्षेत्र के माल का खेड़ा पशु चिकित्सालय को भी प्रथम श्रेणी में क्रमोन्नत करने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

विधायक गोपाल खंडेलवाल के इस प्रयास से क्षेत्र के हजारों पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद है, जिससे पशुधन के संरक्षण और पशुपालकों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

# दुबई में फंसे भीलवाड़ा के सोमानी परिवार के 6 सदस्य सुरक्षित स्वदेश लौटे

## सांसद दामोदर अग्रवाल के हस्तक्षेप से 12 घंटे में हुआ रेस्क्यू, दिल्ली पहुंचने पर परिवार ने जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

दुबई में युद्ध जैसी स्थिति के चलते फंसे भीलवाड़ा के सोमानी परिवार के छह सदस्यों को सांसद दामोदर अग्रवाल के हस्तक्षेप से सुरक्षित भारत लाया गया। सांसद द्वारा दिल्ली स्थित दूतावास से तत्काल संपर्क करने के बाद 12 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित दिल्ली पहुंचाया गया, जिससे परिवार और शहरवासियों ने राहत की सांस ली।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि दुबई में फंसे सोमानी परिवार के छह सदस्य दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए है । इसके बाद भीलवाड़ा में उनके परिजनों ने राहत महसूस की।मदद मिलने के बाद सोमानी परिवार के सदस्य सांसद कार्यालय पहुंचे और सांसद दामोदर अग्रवाल का आभार व्यक्त करते





हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र का कोई भी नागरिक यदि खाड़ी देशों में युद्ध जैसी स्थिति में फंसा है, तो उसे सुरक्षित भारत लाना उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब तक क्षेत्र का हर व्यक्ति सकुशल भारत नहीं पहुंच जाता, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे।सांसद ने बताया कि भीलवाड़ा का एक अग्रवाल परिवार का युवक अभी कुवैत में फंसा हुआ है, वहीं खाड़ी देशों में फंसे अन्य परिवार भी मदद की गुहार लेकर सांसद कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए विशेष जनसुनवाई कर दिल्ली स्थित दूतावास कार्यालय से संपर्क किया है और अन्य लोगों की शीघ्र सुरक्षित घर वापसी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।


# गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के 64 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 19 से 21 मार्च तक

## 6415 अभ्यर्थी होंगे शामिल, प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया वर्ष 2022 के लिए 19 मार्च से 21 मार्च तक महात्मा गांधी ग्राउंड, चेतक सर्किल के पास, उदयपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न होगी।

समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमांडेंट ललित व्यास ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में केन्द्र के 64 रिक्त पदों के विरुद्ध



6415 अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। अभ्यर्थी दी गई लिंक या वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

साथ ही उन्हें मूल निवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र तथा पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र सहित सभी आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे।

QUICK BITES

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा अपराजिता, नारी शक्ति अनंता कार्यक्रम 7 को


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपराजिता नारी शक्ति अनंता विशेष कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को होटल सेवन स्टोन में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और सहयोग के माध्यम से अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकें। महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला उद्यमियों के बीच सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देने और व्यवसायिक संभावनाओं को विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। इससे महिलाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम प्रभारी रक्षा जैन और शोभा चोखड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष इमोशनल वेलनेस सत्र नेहा गोयल द्वारा लिया जाएगा। इस सत्र में महिलाओं को घर और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए तनाव से मुक्त रहने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के उपयोगी उपाय बताए जाएंगे।

# महात्मा गांधी अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार को लेकर विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाए सवाल

## कैथ लैब, सैटेलाइट हॉस्पिटल, कैंसर केयर यूनिट व विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति पर सरकार से मांगा जवाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, कैथ लैब की स्थापना, नए आईपीडी भवन के संचालन, सैटेलाइट हॉस्पिटल की स्थापना तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इस संबंध में उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से जवाब मांगा है।

विधायक कोठारी ने पूछा कि क्या पूर्व राज्य बजट में महात्मा गांधी चिकित्सालय में कैथ लैब स्थापित करने की घोषणा की गई थी और यदि हां, तो यह सुविधा कब तक शुरू होगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में नवीन आईपीडी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन उसका संचालन अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इस संबंध में सरकार की कार्ययोजना क्या है, इसका विवरण सदन के पटल पर रखने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ रोगी भार को देखते हुए सैटेलाइट हॉस्पिटल स्थापित किए जाते हैं। ऐसे में राजमाता विजयराजे सिंधिया राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महात्मा गांधी चिकित्सालय पर बढ़ते मरीजों के दबाव को देखते हुए शहर में एक सैटेलाइट हॉस्पिटल स्थापित करने की योजना के बारे में भी जानकारी मांगी गई है।

विधायक कोठारी ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का मुद्दा भी उठाते हुए पूछा कि क्या महात्मा गांधी चिकित्सालय में न्यूरो सर्जन का पद सृजित करने तथा रेडियोलॉजिस्ट और यूरोलॉजिस्ट के रिक्त पदों को भरने का विचार है।

इसके अलावा उन्होंने यह भी पूछा कि क्या पूर्व राज्य बजट में अस्पताल को कैंसर केयर यूनिट प्रदान की गई है और क्या सरकार इसे क्रमोन्नत कर टर्सरी कैंसर केयर यूनिट स्थापित करने की योजना बना रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में महात्मा गांधी चिकित्सालय में 700 से अधिक बेड संचालित हैं, लेकिन बेडों के अनुपात में डॉक्टरों और नर्सिंगकर्मियों की संख्या काफी कम है। ऐसे में मरीजों को बेहतर सुविधा और देखभाल उपलब्ध कराने के लिए रिक्त पदों को शीघ्र भरना आवश्यक है। विधायक ने इन सभी बिंदुओं पर सरकार से विस्तृत जवाब सदन के पटल पर रखने का आग्रह किया है।

## ट्रेन के टॉयलेट में मिली एडीजे की पत्नी की लाश

# चित्तौड़गढ़ उतरने से पहले गई थीं वॉशरूम, जावरा स्टेशन पर दरवाजा तोड़कर निकाला गया शव

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**



काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला की अचानक मौत का मामला सामने आया है। निंबाहेड़ा में पदस्थापित एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) की पत्नी का शव ट्रेन के टॉयलेट में मिला। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में महिला की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार निंबाहेड़ा में पदस्थ एडीजे राजकुमार चौहान अपनी पत्नी उषा चौहान (42) के साथ जोधपुर से चित्तौड़गढ़ जा रहे थे। दोनों ने काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस (17606) में अलग-अलग कोच में आरक्षण कराया था। ट्रेन चित्तौड़गढ़ स्टेशन पहुंची, जहां एडीजे चौहान उतर गए, लेकिन उनकी पत्नी प्लेटफॉर्म पर नजर नहीं आईं। काफी तलाश के बाद भी जब उषा चौहान नहीं मिलीं तो एडीजे ने जीआरपी को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर भी महिला ट्रेन से उतरती नजर नहीं आई। इसके बाद पुलिस ने महिला के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की, जो ट्रेन के अंदर ही मिल रही थी। इस बीच ट्रेन मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के जावरा स्टेशन पहुंची, जहां जीआरपी ने संबंधित कोच की तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रेन के एक टॉयलेट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। शक होने पर दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर उषा चौहान अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी अधिकारियों के अनुसार चित्तौड़गढ़ पहुंचने से पहले उषा चौहान ने अपने पति को फोन कर बताया था कि वह वॉशरूम जा रही हैं। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आने की संभावना है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी गई। बाद में एडीजे राजकुमार चौहान व अन्य परिजन जावरा पहुंचे। परिजनों की सहमति के बाद शव को बिना पोस्टमॉर्टम के जोधपुर ले जाया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।